BULANDSHAHR POLICE

दिनांक – 23 सितम्बर 2024

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर दुष्कर्म जैसी सनसनी खेज घटना के आरोपी को आजीवन कारावास व 51,000/- हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी:-

श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा प्रदेश भर में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन मेरठ व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ द्वारा निरन्तर समीक्षा एवं मार्ग दर्शन दिया जा रहा था। बुलन्दशहर पुलिस द्वारा गुणवत्ता पूर्ण विवेचना व लोक अभियोजक के संयुक्त प्रयास से थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर पर पंजीकृत मुअसं-36/23 धारा- 376/506 भादवि में आज दिनांक 23.09.2024 को न्यायाधीश श्री वरुण मोहित निगम (माननीय न्यायालय एडीजे/एफटीसी-02 बुलन्दशहर) द्वारा इस प्रकरण में विचरण करते हुए स्पीडी ट्रायल कर साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को आजीवन कारावास व 51,000/- रूपये अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

घटना क्रम:-

अभियुक्त आबिद पुत्र मौहम्मद निवासी अडौली थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर द्वारा दिनांक 16.01.2023 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत जंगल ग्राम अडौली में अपनी माँ के साथ दुष्कर्म की घटना कारित की गयी थी। इस घटना में अभियुक्त को सख्त से सख्त सजा दिलाये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर श्री श्लोक कुमार द्वारा इस अभियोग की विवेचना एवं ट्रायल की व्यक्तिगत रुप से निगरानी की जा रही थी। इस जघन्य अपराध में वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किये गये एवं 43 दिवस में आरोप पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया।

समय सारणी:-

एफआईआर का दिनांक – 22.01.2023
गिरफ्तारी का दिनांक - 22.01.2023 (24 घंटे के अन्दर)
आरोप पत्र का दिनांक – 06.03.2023 (43 दिवस के अन्दर)
आरोप पत्र मा0 न्यायालय में दाखिल होने का दिनांक – 06.03.2023
आरोप पत्र पर मा0 न्यायालय द्वारा प्रसंज्ञान – 22.03.2023
मा0 न्यायालय में चार्ज फ्रेम का दिनांक – 17.05.2023
मा0 न्यायालय द्वारा सजा का दिनांक – 23.09.2024
कुल तारीख जिनमें सुनवाई हुई - 45 (स्पीडी ट्रायल के तहत दिन-प्रतिदिन सुनवाई कराई गयी।)

महत्वपूर्ण योगदान-

1. श्री नरेश कुमार
अपर पुलिस अधीक्षक अपराध/
नोडल अधिकारी ऑपरेशन कन्विक्शन

2. श्री शंकर प्रसाद
अपर पुलिस अधीक्षक नगर

3. उ0नि0 श्री नीतीश भारद्वाज
विवेचक/ वर्तमान प्रभारी निरीक्षक औरंगाबाद

4. अभियोजक श्री विजय कुमार शर्मा व श्री कुश कुमार

5. का0 नरेश
पैरोकार थाना कोतवाली देहात

6. मॉनीटरिंग सैल जनपद बुलन्दशहर
1. प्रभारी निरीक्षक ऋषिपाल सिंह
2. है0का0 सुधीर कुमार, है0का0 अंकुर दीक्षित
3. का0 जयप्रकाश

मीडिया सेल बुलन्दशहर